हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025

06 भौंरा में युवाओं ने दिया स्वस्थ भारत का संदेश



07 ईश्वर को साक्षी मानकर जीवनसंगिनी बनी राधा...





## खबर संक्षेप

### गाय पर तेंदूए ने किया हमला

**नर्मदापुरम।** इटारसी के धांई सोंठिया आमबाड़ा गांव में तेंदुए की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। बीती रात लगभग ढाई बजे एक तेंदुए ने ग्रामीण रामविलास सिरयाम की गाय पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गाय के मुंह पर पंजों के गहरे घाव आए हैं। यह हमला तब हुआ जब गाय बाड़े में बंधी थी। घटना की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तेंदुआ अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया। कुछ दिन पहले भी इसी गांव में तेंदुए ने एक गाय का शिकार किया था।

### विवाह और जन्म मृत्यु पंजीयन के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** जिले विवाह तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी विकास मिश्रा ने कलेक्टर एवं जिला विवाह रजिस्ट्रार को निर्देश दिए हैं। म्र विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन नियम- के तहत राज्य में किसी भी विधि या परंपरा से संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य है।

### वार्डवासियों का कहना है कि बार-बार करना पड़ता है शिकायत

# नपा की सफाई व्यवस्था से परेशान हो रहे नागरिक, नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

हमेशा से चर्चा में रहने वाली शहर की नगर पालिका सफाई न होने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा सफाई करने प्रयास किया जा रहा है।

मालाखेड़ी के वार्ड क्र.11 स्थित आजाद चौक की सीवर व्यवस्था फेल होने के कारण लोग परेशान हैं। प्रदूषण की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसकी शिकायत नागरिकों ने नगर पालिका में अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। तो वहीं परेशान लोगों को सीएम हेल्पलाईन का सहारा भी लेना पड़ा है। इसके बावजूद भी नगर पालिका के जिम्मेदारों की कानों में जूं तक नहीं रैंग रही है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र जनहित नागरिकों को प्रदूषण की व्यवस्था बनाने की मांग की है।

वार्ड में नाली की समस्या हमेशा से परेशानी का सबब बन रही है। जहां नालियों की सफाई नहीं होने से लोग परेशान हैं।



#### बार-बार करनी पड़ रही शिकायत

वार्ड के स्थानीय निवासी राममोहन का कहना है कि वार्ड में नाली क्री सफाई के लिए बार-बार शिकायत करनी पड़ती है। और कई दिनो के इंतजार के बाद भी नपा द्वारा कोई सफाई नहीं की जाती है। जिससे वार्डवासी परेशान होते रहते हैं। नपा को चाहिए कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें।

#### इनका कहना है

इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। आप सहायक अंबक पाराशर को समस्या से अवगत कराया गया जिसका मोबाईल नं. दे रही हूं।

**नीतू महेन्द्र यादव, नपाध्यक्ष**

नाली की समस्या की जानकारी से मैं अनभिज्ञ हूं। आप समस्या और शिकायत मुझे व्हाट्सप कर दें ताकि मैं देख सकूं।

**अंबक पाराशर, इंजीनियर, नगर पालिका**

इस संबंध में मुझे जानकारी मिली है। मै शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने का प्रयास करूंगा।

**सद्दाम, वार्ड पार्षद नपा नर्मदापुरम**

#### अनेको वार्डो के यही हाल

वार्ड 11 के निवासी रविशंकर सेन का कहना था कि मेरा अक्सर शहर के विभिन्न वार्डों में आनाजना रहता है लेकिन हमेशा से देखा गया कि शहर के सभी वार्डों के यही हाल हैं। लोग सफाई व्यवस्था को लेकर परेशान होते देखे गये हैं वहीं नगर पालिका द्वारा सफाई नहीं की जाती है।

# कार चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, मामला थाने पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के आईटीआई रोड वेयरहाउस के पास शनिवार रात एक नशे में धुत कार ड्राइवर ने जमकर हंगामा किया। रॉन्ग साइड तेज रफ्तार में कार चला रहे ड्राइवर ने एक स्कूटी और बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद बीच सड़क पर करीब 20 मिनट तक ड्रामा चलता रहा, जिससे जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ड्राइवर को पकड़कर देहात थाने ले गई। स्कूटी सवार युवतियों ने भी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

ड्राइवर रॉन्ग साइड से कार चलाकर तेज रफ्तार में भाग रहा था। इसी दौरान उसने एक स्कूटी और बाइक को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट के बाद वहां मौजूद लोगों ने कार को रोक लिया और ड्राइवर को नीचे उतार लिया। कार से उतरने के बाद भी ड्राइवर का ड्रामा कम नहीं हुआ। वह नशे में इतना धुत था कि उल्टा स्कूटी और बाइक वालों को ही डराने लगा। पुलिस के समझाने पर भी वह अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हुआ। सड़क पर ड्रामा चलता देख वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कार के बीच सड़क पर खड़ी होने के कारण यातायात बाधित हो गया और जाम की स्थिति बन गई।

हंगामे की सूचना मिलते ही डायल-112 से प्रधान आरक्षक विष्णु राजपूत मौके पर पहुंचे। उन्होंने ड्राइवर को समझाने का प्रयास किया। करीब 20 मिनट तक चले ड्रामे के बाद पुलिस ड्राइवर को पकड़कर देहात थाने ले गई।

# मुस्कान संस्था में मनाई गई सत्य सांई बाबा जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

इटारसी में श्री सत्य साई बाबा की 100वीं जयंती मुस्कान संस्थान में मनाई गई। रविवार को इस अवसर पर दिनभर विभिन्न कार्यक्रम हुए।

आयोजन की शुरुआत सुबह 9:30 बजे न्यास कॉलोनी से निकली एक रैली से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और बच्चों ने भाग लिया। इसके बाद सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक हवन और आध्यात्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

इन अनुष्ठानों में लोककल्याण और शांति के लिए मंत्रोच्चार किया गया। उत्सव के दौरान मुस्कान



संस्थान की बिटिया शिवानी की सगाई का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने श्री सत्य साई बाबा की आरती की और नवयुगल को उनके दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# इटारसी में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर शहर में जनजागरूकता गतिविधियाँ लगातार तेज़ हो रही हैं। रविवार को इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 22 और 23 में पार्षद गीता देवेंद्र पटेल ने बीएलओ टीम के साथ व्यापक जनसंपर्क किया। पार्षद गीता पटेल और बीएलओ कर्मचारियों ने घर-घर पहुँचकर मतदाताओं से संवाद किया, उनसे प्रपत्र भरने में आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया।

इस दौरान नए मतदाताओं के पंजीयन, पते में बदलाव, नाम सुधार तथा मृत मतदाताओं के नाम विलोपन जैसी प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई। पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल ने बताया कि मजबूत और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हर मतदाता का डाटा अपडेट होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "यदि मतदाता सूची त्रुटिरहित होगी तो मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होगी और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए जा सकेंगे।"

# नेशनल कैडेट कॉर्प्स की छात्राओं ने किया पौधरोपण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

महाविद्यालय में रविवार को नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) की छात्राओं द्वारा 78वां स्थापना दिवस के अवसर पर थीम रेजिंग डे सेलिब्रेशन पर प्रांगण में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र, भाईचारा, साहस




और निस्वार्थ सेवा जैसे आदर्शों का विकास करना है। एनसीसी अधिकारी पूनम साहू ने बताया कि यह युवाओं में नेतृत्व के गुणों को विकसित करता है और उन्हें राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करता है। यह युवाओं को सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने का एक अनुकूल वातावरण भी प्रदान करता है। डॉ. संजय आर्य ने बताया कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण और आवश्यक हिस्सा है, जो हवा को शुद्ध करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, जलवायु को नियंत्रित करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में मदद करता है।

### 26 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला

**नर्मदापुरम।** युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम के तत्वावधान में बुधवार, 26 नवंबर को किया जायेगा। उक्त रोजगार मेला प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय, सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम में संपन्न होगा। मेले में शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थाएं भी भाग लेंगी, जो युवाओं को रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान मेले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग सहित विभिन्न विभाग भागीदारी करेंगे। साथ ही निजी क्षेत्र की अनेक कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेकर उन्हें रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी।

# नर्मदापुरम जिले में कांग्रेस हो रही है मजबूत, आगामी चुनावों में सुधरेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

बीते दिनों पचमढ़ी में आयोजित कांग्रेस के चिंतन शिविर के बाद जिले में कांग्रेस संगठित हो रही है। वरिष्ठ और युवा कांग्रेसी मिलकर संगठन को पुनः मजबूती देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। आगामी चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी हद तक सुधरेगा और कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। उक्त बातें जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने रविवार को राजधानी नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तनख़ा से मुलाकात के दौरान कही। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता रमेश के साहू भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पांडेय एवं अधिवक्ता श्री साहू ने प्रदेश एवं



जिले से जुड़े विभिन्न गंभीर विषयों पर चर्चा हुई। श्री पांडेय ने कहा कि पचमढ़ी शिविर के बाद कर्मठ कार्यकर्ताओं को अब उनकी जिला बॉडी में जल्द स्थान मिलने वाला है। मुलाकात के दौरान मप्र में राजनीतिक हलचल एवं नर्मदापुरम जिले में कांग्रेस की गतिविधियों से अवगत कराते हुए जिलाध्यक्ष पांडेय ने उन्हें इटारसी आगमन के लिए निमंत्रण भी दिया। अधिवक्ता रमेश के साहू ने नरसिंहपुर जिले में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मंजीत घोषी के विषय पर भी गहन चर्चा की। जिन्हें विवादित पोस्ट के कारण दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। चर्चाओं के दौरान सांसद तनखा ने जिलाध्यक्ष पांडेय को दोबारा पार्टी के जिलाध्यक्ष बनने के बाद समर्पित कार्यकर्ताओं को जोड़कर चलने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए।

## जिले में जारी तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0

# जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम में बताए गए तम्बाखू से होन वाले दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में "तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0" के तहत शनिवार 22 नवम्बर को माखननगर में व्यापक जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शनिवार को कोटपा एक्ट (2003) की जिला टास्क फोर्स कमेटी ने पुलिस थाना, बाजार हाट और सरकारी अस्पताल में तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। जिला नोडल अधिकारी डॉ. रजनी कुशवाहा के नेतृत्व में डेंटिस्ट डॉ. मिलन सोनी, खेल एवं युवक कल्याण विभाग के प्रीतम पूर्वीया, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू और एनसीडी प्रशिक्षक देवनारायण खापरे ने उपस्थित लोगों को कोटपा एक्ट की धारा-4,5,6 एवं7 के प्रमुख बिंदु समझाए।

माखननगर थाना प्रभारी अनूप सिंह यूईके ने पुलिस स्टॉफ को एक्ट की पूर्ण जानकारी दी और तंबाकू से उत्पन्न रोगों से समाज को बचाने हेतु समन्वय बैठक आयोजित की। टास्क फोर्स ने आरक्षक तरुण सिंह राजपूत और आयुष चौबे के साथ नसीराबाद चौराहा तथा तहसील कार्यालय जैसे सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की। प्रत्येक उल्लंघनकर्ता से 50रुपए का जुर्माना वसूला गया और पुनः धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई गई। बाजार हाट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पान की दुकान पर दो नाबालिगों को धूम्रपान करते हुए पाया गया। उन्हें तंबाकू सेवन से होने वाले मुख कैंसर, अन्य कैंसर और टीबी जैसी बीमारियों के जोखिमों के बारे में विस्तृत काउंसलिंग दी गई। उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभाव, स्वास्थ्य जोखिम और नशा-मुक्त जीवन के महत्व पर जानकारी प्रदान की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बीईई, सुपरवाइज़र, एमपीडब्ल्यू, एएनएम और सीएचओ सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर तंबाकू मुक्त जीवन की प्रतिज्ञा ली।

### सीईओ झा ने किया मतदाताओं को सतर्क

**नर्मदापुरम।** एसआईआर के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन या पर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें। ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय अधिवेशन आज

**शाहपुर।** अजाक्स संघ के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए शाहपुर ब्लॉक से संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ता भोपाल के लिए रवाना हुए। राजधानी भोपाल में आयोजित अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन में अपनी मांगों एवं वर्तमान में हुई घटनाओं के संबंध में चर्चा करने की जायेगी। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किया गया है। जिसमें सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष उपस्थित हो रहे हैं। वहां पर अजाक्स संघ के कार्यकारिणी की रूपरेखा तैयार की जाएगी। कैसे उसे ब्लॉकों में संचालित करना है, उसके निर्देश दिए जाएंगे एवं इसके साथ-साथ सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, अपने ब्लॉक में कर्मचारियों की मांगों एवं उनकी समस्याओं को संघ के सामने रखेंगे। उनका निराकरण संघ के द्वारा किया जाएगा।

### दिवाड़ी-गोठान महोत्सव में दिखी आदिवासी परंपराओं की झलक

**बैतूल।** बैतूल में आदिवासी गायकी व ठाठिया (गोंड) समाज संगठन और समस्त आदिवासी समाज, बैतूल ने जिला स्तरीय दिवाड़ी-गोठान सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पड़ा पेन ठाना से पारंपरिक जुलूस के साथ हुई, जिसमें जिलेभर से ठठिया समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस में महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरे रास्ते पारंपरिक नृत्य, बांसुरी, घुंघरू और सींग से बने वाद्ययंत्रों की धुनें गूंजती रहीं। कौड्यों से बने परिधान और ठठिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शिवाजी चौक पर समाज के लोगों ने पारंपरिक गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ उत्सव का आनंद लिया। जुलूस के बाद ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें समाज के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। इससे पूर्व, ग्राम टेमनी में गोधूनी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था, जिसमें भगत भूमिका ने भाग लिया था। यह महोत्सव जिले में सामाजिक एकता और पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना। आदिवासी समाज और उससे जुड़े घटक दिवाड़ी पर्व के अवसर पर पूरे एक माह तक विभिन्न स्थानों पर ऐसे उत्सवों का आयोजन करते हैं।

### नर्मदा प्रवाह यात्रा का आज मुलताई में स्वागत

**बैतूल।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा नागपुर से स्टैचू ऑफ यूनिटी, गुजरात की ओर निकाली गई नर्मदा प्रवाह यात्रा आज शाम 4 बजे पवित्र नगरी मां ताप्ती उद्गम स्थल मुलताई पहुंचेगी। जहां यात्रा का भव्य स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया जाएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस विशेष यात्रा का स्वागत करें और इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बनें। उन्होंने कहा कि नर्मदा प्रवाह यात्रा राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत और सरदार पटेल के योगदान को नमन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। समूचे आयोजन की जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी प्रमेश राजपूत द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि यात्रा स्वागत के लिए नगर में व्यापक तैयारियां की गई हैं और युवामोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में स्वागत स्थल पर मौजूद रहेंगे।

### 3 डी कैनवास पर बारहसिंघा का चित्र उकेरा

**बैतूल।** रंग-बिरंगे पशुओं- पक्षी के बिना वन सुना सा लगता है। वन्य प्राणी संरक्षण के संदेश को देते हुए खेड़ी की चित्रकार उमा सोनी ने अरण्य वाटिका में 3 डी कैनवास पर बारासिंघा की बेहद आकर्षक पेंटिंग को उकेरा है। चित्रकार उमा सोनी ने अपने कला गुरु व युवा चित्रकार श्रेणिक जैन के मार्गदर्शन में यह पेंटिंग बनाई है। जिसका फाइनल टच अरण्य वाटिका में खूबसूरत वनों के बीच में पूर्ण किया,जो देखने में बहुत ही आकर्षक बहुत सुंदर दिखाई दे रहा है। उमा ने बताया कि बारासिंघा हिरण की तरह ही मासूम दिखता है और सबका ध्यान अनायास ही अपनी ओर आकर्षित करता है।

---

### समग्र आईडी से अब तक जिले में 1.22 लाख नाम हटे

# अधूरी ई-केवायसी के कारण योजनाओं से वंचित हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में समग्र आईडी को आधार से लिंक करने यानि ई-केवायसी का काम जारी है। इस दौरान डुप्लीकेट आईडी को समाप्त करने का काम भी किया जा रहा है। पिछले चार महीने से यह काम चल रहा है। जिसके तहत जनपद स्तर पर करीब 88.45 प्रतिशत और नगरीय निकाय स्तर पर लगभग 94.90 प्रतिशत ई केवायसी हो चुकी है, जबकि अधूरी ई-केवायसी वाले नागरिकों के नाम समग्र पोर्टल से हटाए जा रहे हैं। इससे कई लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कतें आ रही हैं। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक जिले में 1 लाख 22 हजार 977 लोगों के नाम डुप्लीकेसी होने के कारण समग्र पोर्टल से हटा दिए हैं। इनमें जनपद क्षेत्रों के 88 हजार 627 और नगरीय निकायों के 34 हजार 350 सदस्य शामिल हैं। इसका उद्देश्य फर्जी या दोहरी समग्र आईडी को समाप्त करना है, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक ही पहुंच सके। प्रशासन का कहना है कि यह कदम पारदर्शिता और फर्जीवाड़ा रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जिन लोगों के नाम हटे हैं, वे ई-केवायसी पूरी करने के बाद पुनः समग्र पोर्टल में सक्रिय हो सकेंगे। जिला स्तर पर इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है ताकि कोई पात्र नागरिक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए।



#### तकनीकी दिक्कतें बन रहीं बाधा

जून में शासन ने सभी निकायों को निर्देश दिए थे कि वे नागरिकों को ई-केवायसी प्रक्रिया के लिए अधिक से अधिक जागरूक करें। इसके लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाने की बात भी कही गई थी। हालांकि, अपेक्षित स्तर पर लोगों की भागीदारी नहीं बढ़ी। कई लोगों ने स्वयं से ई-केवायसी नहीं कराई, जिसके कारण अब उनके नाम पोर्टल से हट रहे हैं। वर्तमान में लोकसेवा केंद्रों और एमपी ऑनलाइन कियोस्कों पर ई-केवायसी कराने के लिए भीड़ बढ़ रही है। सर्वर की धीमी गति, ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क की समस्या और कुछ लोगों के फिंगरप्रिंट न पढ़ने जैसी तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा समग्र रिकॉर्ड और आधार नंबर में असंगतियों के कारण भी कई बार सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है।

#### सदस्य संख्या में आई कमी

अभियान शुरू होने के समय जिले की जनपद पंचायतों में समग्र आईडी से जुड़े 15 लाख 2 हजार 832 सदस्य थे, जो अब घटकर 14 लाख 14 हजार 205 रह गए। वहीं निकायों में पहले 3 लाख 14 हजार 454 सदस्य थे, जो अब 2 लाख 80 हजार 104 हैं। बैतूल नपा क्षेत्र में भी सदस्यों की संख्या में कमी आई है। अभियान की शुरुआत में यह संख्या 1 लाख 34 हजार 4 थी, जो अब घटकर 1 लाख 7 हजार 149 रह गई है। यानी तीन महीनों में लगभग 26 हजार 855 नाम समग्र पोर्टल से हटाए जा चुके हैं।

#### जिले में 89.39 प्रतिशत ईकेवायसी का काम पूरा

जिले में ईकेवायसी का लगभग 89.39 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसमें नगरीय निकाय स्तर पर 94.09 प्रतिशत केवायसी का काम पूरा हो चुका है, वहीं जनपद स्तर पर 88.45 प्रतिशत लोगों की ई-केवायसी की जा चुकी है। कुल मिलाकर जिले में ई-केवायसी का काम 89.39 प्रतिशत हो गया है। इस दौरान जो डुप्लीकेट आईडी आ रही हैं, उनमें से सिर्फ एक आईडी को ही आधार से लिंक किया जा रहा है। जबकि डुप्लीकेट आईडी को आधार से लिंक नहीं किया जा रहा है। इसका उद्देश्य फर्जी या दोहरी समग्र आईडी को समाप्त करना है, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक ही पहुंच सके।

#### निकायों में पहले और हटाए गए सदस्यों की संख्या

| निकाय | पहले | हटे सदस्य |
|---|---|---|
| आठनेर | 12642 | 113 |
| आमला | 28780 | 4,330 |
| मुलताई | 28139 | 81 |
| बैतूलबाजार | 11248 | 08 |
| चिचोली | 9653 | 28 |
| भैंसदेही | 11909 | 417 |
| घोड़ाडोंगरी | 10224 | 669 |
| सारनी | 57367 | 955 |
| बैतूल | 134004 | 26,855 |
| शाहपुर | 10488 | 950 |
| योग | 314454 | 34,350 |

**इनका कहना है -**

*जिले में करीब 89.39 प्रतिशत ईकेवायसी का काम हो चुका है। ईकेवायसी के दौरान फर्जी या दोहरी समग्र आईडी को हटाने का काम किया जा रहा है। निकायों में 94.09 प्रतिशत और जनपद स्तर पर 88.46 प्रतिशत ईकेवायसी हो चुकी है।*

*- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नपा बैतूल*

---

### कौन बनेगा करोड़पति में आज दिखेंगी

## केबीसी की हॉट सीट पर पहुंची बैतूल की बेटी कविता पारखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले की होनहार बेटी कविता पति कमल पारखे ने अपनी लगन और मेहनत से सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट तक पहुंचकर बैतूल जिले का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन कर दिया। कौन बनेगा करोड़पति का एपिसोड आज 24 नवंबर और 25 नवंबर को रात 9 बजे प्रसारित किया जाएगा। इस शो में कविता अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर नजर आएंगी। कविता पारखे पिछले 9 वर्षों से केबीसी में आने की तैयारी कर रही थीं। उन्होंने बताया कि उनका सपना था कि जीवन में एक बार हॉट सीट पर अवश्य बैठें। उन्होंने कहा कि आज यह सपना पूरा हो गया है, जिससे वह बेहद खुश और उत्साहित हैं। कविता मूलतः बैतूल की जन्मभूमि से ही हैं और उनका ससुराल भी बैतूल जिला ही है। पेशे से वह जिला एवं सत्र न्यायालय खंडवा में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ हैं। उनका शैक्षणिक जीवन भी बेहद प्रभावशाली है। उन्होंने बीएससी मैथ्स, एमएस डबल्यू, हिंदी टाइपिंग (म.प्र. मुद्रलेखन बोर्ड) और एनसीसी के एबीसी प्रमाणपत्र हासिल किए हैं। कविता बैतूल जिले के वरिष्ठ फोटोग्राफर रघुनाथ डोंगरे की छोटी बहन हैं। परिवार, दोस्तों और जिलेभर के लोगों में कविता की इस सफलता को लेकर खुशी की लहर है। 9 सालों की लगातार मेहनत और नियमित अभ्यास ने आखिरकार कविता को देश के सबसे लोकप्रिय ज्ञान-आधारित कार्यक्रम की हॉट सीट तक पहुंचाया, जहां उन्होंने अपने आत्मविश्वास और ज्ञान से हर किसी को प्रभावित कर दिया।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बने राजेन्द्र गढ़वाल



**बैतूल/भौंरा।** समाजवादी जनपरिषद एक राजनीतिक दल होकर पार्टी के विधान अनुसार हर 2 वर्ष में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाता है। इस सत्र का राष्ट्रीय सम्मेलन उड़ीसा राज्य के बलांगीर जिला के टीटलागड में महावीर पंचायत धर्मशाला में 22 एवं 23 नवम्बर को आयोजित किया गया। जिसमें शिवाजी राव गायकवाड महाराष्ट्र प्रदेश एवं विक्रम मोर्य(बनारस)उत्तरप्रदेश को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया तथा चुनाव संपन्न हुआ। इसमें उड़ीसा के लिंगराज आजाद समाजवादी जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। वहीं राजेंद्र गढ़वाल मध्यप्रदेश आदि समाजवादी जनपरिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुने गये। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में कहा कि समाजवादी जनपरिषद वैकल्पिक राजनीति एवं गरीबों, आदिवासियों, दलितों, मजदूरों व किसानों के हक व अधिकारों की लड़ाई लडने वाला दल है। कार्यक्रम में दस राज्यों से पार्टी प्रतिनिधि शामिल हुए।

---

### प्रशासन व हाईवे प्रबंधन की अनदेखी से यात्री परेशान

## फोरलेन पर बने प्रतीक्षालय पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नेशनल हाईवे पर भौंरा के पास फोरलेन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय अवैध कब्जों की भेंट चढ़ गए हैं। स्थिति यह है कि प्रतीक्षालय का मूल उद्देश्य पूरी तरह समाप्त हो गया है और इसका उपयोग लोग अपनी निजी दुकानें चलाने के लिए कर रहे हैं। अक्सर देखा जा सकता है कि कुछ लोग प्रतीक्षालय में अपने सामान फैलाकर दुकानदारी कर रहे हैं। कोई मैकेनिक अपने बड़े-बड़े स्टेफनी, पाना, जैक और भारी उपकरण रखकर, वहीं गाड़ियों में ग्रीसिंग का कार्य करता है, तो वहीं कभी कुछ छोटे दुकानदार खाद्य सामग्री व अन्य सामान की बिक्री करते दिखाई देते हैं। इस कारण प्रतीक्षालय यात्रियों के उपयोग की जगह एक अस्थायी बाजार का रूप ले चुका है। यात्रियों का कहना है कि प्रतीक्षालय पर रोज बड़े-बड़े वाहन खड़े रहते हैं, जिससे न केवल अव्यवस्था फैलती है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। यात्री बैठने की सुविधा से वंचित रहते हैं, क्योंकि पूरी जगह दुकानों और उपकरणों से घिरी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फोरलेन प्रबंधन द्वारा इन अतिक्रमणकारियों को हटाने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया।



कई बार शिकायतें होने के बावजूद न तो नियमित निगरानी की जा रही है और न ही कार्रवाई की जा रही है। इससे अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। हाईवे पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए इस ढांचे पर कब्जा होने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन और नेशनल हाईवे प्राधिकरण तुरंत कार्रवाई कर प्रतीक्षालय को अतिक्रमण मुक्त कर यात्री सुविधाओं को बहाल करे।

#### प्रक्रिया कर रहे हैं

भौंरा फोरलेन पर बने यात्री प्रतीक्षालय पर अतिक्रमण की जानकारी मिली है। हम इस मामले की जानकारी नेशनल हाईवे प्राधिकरण के अधिकारियों को देंगे, ताकि वे आवश्यक कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया करें। यह क्षेत्र एनएचएआई के अधीन है, इसलिए कार्रवाई का दायित्व उन्हीं का है।

- टी. विश्क, तहसीलदार

### विवाह एवं अन्य समारोहों में डीजे का उपयोग प्रतिबंधित

**बैतूल।** जिले में विवाह एवं अन्य समारोहों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग के मामले सामने आने पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अक्षत जैन ने निर्देश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कलेक्टर ने लोकहित एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से पूरे बैतूल जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग अब केवल ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के प्रावधानों के अनुरूप ही किया जा सकेगा। विवाह एवं अन्य समारोहों में डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर या ध्वनि उपकरणों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। बारात या चल समारोह के दौरान यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही मेरिज लॉन या हॉल संचालकों को पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु वालंटियर/कर्मचारी अनिवार्य रूप से नियुक्त करने होंगे। यातायात बाधित पाए जाने पर संबंधित मेरिज लॉन या हॉल को तत्काल सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### बजरंग दल की रन फॉर हेल्थ में उमड़ा उत्साह

## भौंरा में युवाओं ने दिया स्वस्थ भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



रविवार सुबह भौंरा नगर की गलियाँ उत्साह और ऊर्जा से भर उठीं, जब सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने एक साथ कदम मिलाते हुए रन फॉर हेल्थ, नशा मुक्त युवा, विकसित भारत की ओर दौड़ में भाग लिया। यह प्रेरणादायक आयोजन बजरंग दल भौंरा इकाई द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करना था। रविवार श्रीराधा कृष्ण मंदिर प्रांगण से आरंभ हुई दौड़ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। दौड़ के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि दौड़ केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इसी अनुशासन से व्यक्ति समाज और राष्ट्र के निर्माण में सार्थक भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि नशे से दूर रहे, अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखे, तो वह किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। फिटनेस कोई फैशन नहीं, यह जीवन की आवश्यकता है। जब युवा फिट रहेगा, तभी भारत हिट रहेगा। स्वस्थ और सजग युवा ही विकसित भारत की वास्तविक पहचान हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भौंरा जैसी छोटी जगहों से इस प्रकार के आयोजन देशभर में प्रेरणा का स्त्रोत बन सकते हैं।

वहीं, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री श्याम राठौर ने कहा कि नशा छोड़ो, स्वास्थ्य से जुड़ो यही इस कार्यक्रम का असली संदेश है। आज के समय में युवाओं को मोबाइल और नशे की लत से बाहर निकलकर दौड़ और व्यायाम की आदत डालनी चाहिए। दौड़ शरीर को ही नहीं, मन और विचारों को भी संतुलित रखती है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 25 नवंबर को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम के लिए जिले से रवाना होने वाले संतों की विदाई का कार्यक्रम भी भौंरा में आयोजित किया जाएगा, जिन्हें श्री राम जन्मभूमि न्यास से विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत के गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, सुधीर नायक, नवीन वर्मा, प्रखंड मंत्री शुभम चौरे, प्रखंड संयोजक बलराम यादव, चैतन्य राय, सुनील राठौर सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे नशामुक्त समाज और स्वस्थ भारत की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। कार्यक्रम के समापन पर युवाओं को प्रेरित करते हुए गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे ने कहा कि नियमित व्यायाम, खेलकूद और स्वस्थ दिनचर्या ही जीवन में ऊर्जा, एकाग्रता और सफलता का मूलमंत्र है। नशा त्यागकर और फिटनेस अपनाकर हर युवा अपने परिवार, समाज और देश को नई दिशा दे सकता है।

---

## जल संरक्षण के तहत बोरी बंधान का किया कार्य



**शाहपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद शाहपुर द्वारा ग्राम बरेठा में जल संरक्षण के तहत बोरी बंधान का कार्य किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, ब्लॉक समन्वयक शाहपुर संतोष सिंह राजपूत एवं जय सेवा वेलफेयर फाउंडेशन नवांकुर संस्था बरेठा से रंजेश कोडापे, सचिव भंगुलाल शीलू, बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू छात्र, छात्राओं और ग्रामीणों ने बोरी बंधान में सहभागिता की। इस अवसर पर संभाग समन्वयक द्वारा बताया गया कि यह अभियान पूरे मध्यप्रदेश में जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहा है और सभी की सहभागिता इस अभियान में हो रही है। जिले में भी यह अभियान आगामी 30 दिसंबर तक सक्रियता से चलेगा। अभियान के तहत छोटे-छोटे बोरी बंधान एवं स्टाफ डेम बनाए जाएंगे। ब्लाक समन्वयक संतोष द्वारा बताया गया कि जल ही जीवन है। सभी को पानी बचाने के लिए अभी से सोचना शुरू करना होगा। जिस तीव्रता से धरती का पानी जमीन के नीचे जा है, वह विश्व के लिए घातक हो सकता है।

### शासकीय महाविद्यालय में नए मतदाताओं को किया जागरूक

## एसआईआर की कार्यशाला में 250 बच्चों ने सीखी वोटर आईडी प्रक्रिया

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शासकीय महाविद्यालय आठनेर में मतदाता सूची के विशेष गहण पुनरीक्षण पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 250 से अधिक विद्यार्थियों ने नई मतदाता प्रक्रिया, एसआईआर फॉर्म भरने की तकनीक और वोटर आईडी के महत्व को समझा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने स्पष्ट कहा जो युवा एसआईआर फॉर्म नहीं भरेंगे, उनके नाम मतदाता सूची से कट सकते हैं। प्राचार्य डॉ सरोज पाटिल के संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में स्वीप के पूर्व जिला सहायक नोडल अधिकारी एवं पूर्व प्राध्यापक डॉ सुखदेव डोंगरे तथा पूर्व प्राचार्य संपतराव कापसे ने विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के विशेषकर 18 वर्ष पूर्ण करने जा



रहे छात्रों को एसआईआर फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नए मतदाताओं के लिए वोटर आईडी बनवाना और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना क्यों आवश्यक है। डॉ सुखदेव डोंगरे ने कहा कि भारत का संविधान हमें लोकतंत्र देता है और चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से ही केंद्र एवं राज्य सरकारों का गठन होता है। प्रत्येक भारतीय को वोट का अधिकार मिला है, इसलिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, विवरण में सुधार कराना और मतदाता परिचय पत्र बनवाना अत्यंत जरूरी है। पूर्व प्राचार्य संपतराव कापसे ने कहा कि यदि लोकतंत्र को मजबूत रखना है तो प्रत्येक मतदाता को मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति एसआईआर फॉर्म नहीं भरेगा, उसका नाम वोटर लिस्ट से हट सकता है।

## रूपेंद्र सिंह चौहान वन विभाग में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सारनी के भाजपा नेता एवं समाजसेवी रूपेंद्र सिंह चौहान को आमला-सारनी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने वन विभाग में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का आदेश विधायक द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। रूपेंद्र सिंह चौहान लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे बाबा मठारदेव मेला समिति, श्री रामशोभा यात्रा समिति समेत अनेक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। समाज में उनकी अच्छी पकड़ और मजबूत जनसंपर्क है। इसके अलावा श्री चौहान भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ में जिला सह-संयोजक के रूप में भी सेवा दे चुके हैं, जहां उन्होंने संगठन के विस्तार और व्यापारी वर्ग की समस्याओं को उठाने में अहम योगदान दिया। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे द्वारा प्रतिनिधि के रूप में की गई यह नियुक्ति आने वाले समय में सारनी-आमला क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों एवं वन विभाग से जुड़े कार्यों को और अधिक गति देने वाली मानी जा रही है। स्थानीय राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने रूपेंद्र सिंह चौहान को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### विंध्याचल स्कूल बना क्रिकेट चैंपियन



**देवास।** अंडर 17 सीबीएसई इंटर स्कूल देवास सहोदय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 20 नवंबर 2025 को सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता पिछले 7 दिनों से जारी थी, जिसमें कुल 10 स्कूलों ने भाग लिया। फाइनल मैच विंध्याचल अकादमी और सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सरदाना की टीम ने विंध्याचल को बल्लेबाजी का अवसर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंध्याचल ने 15 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन का मजबूत लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी सरदाना की टीम निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकी और 108 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह विंध्याचल स्कूल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में 10 सीबीएसई स्कूल सरदाना इंटरनेशनल, विंध्याचल अकादमी, सेंट्रल इंडिया अकादमी, एबेनेजर स्कूल, सेंट थॉम अकादमी, सेंट एनेटोनी सोनकच्छ, सरस्वती स्कूल, दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल, प्रेस्टीज स्कूल, पायनियर स्कूल देवास आदि शामिल हुए।

### विद्यालय में शिक्षण एवं खेल सामग्री की भेंट

**देवास।** जिले के प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों की मूलभूत सुविधाएं बढ़ाए जाने के उद्देश्य में सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, देवास के सीएसआर कार्यक्रम द्वारा महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, देवास में फर्नीचर, स्पोर्ट्स किट, आरओ .वाटर कूलर, स्पोर्ट्स प्लेग्राउंड, कंप्यूटर लैब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनफार्मा के अधिकारियों द्वारा फीता काटकर फर्नीचर, आरओ .वाटर कूलर, स्पोर्ट्स किट विद्यालय को समर्पित किया तथा बास्केट बॉल कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट का जायजा लिया।

### शादी के दो महीने बाद दूल्हे को छोड़कर परिजनों के घर पहुंच गई दुल्हन

# ईश्वर को साक्षी मानकर जीवनसंगिनी बनी राधा दो लाख लेकर दे गई धोखा, तीन लाख की मांग

### पीड़ित पवन ने कमलापुर थाने में दुल्हन और उसके परिजनों के खिलाफ की शिकायत दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में एक बार फिर एक युवक लुटेरी दुल्हन गैंग का शिकार हुआ है। उक्त गैंग ने युवक से शादी के नाम पर दो लाख का चुना लगाया है जिसको लेकर युवक ने संबंधित पुलिस सहायता केंद्र चापडा पर शिकायत दर्ज कराई कराकर उचित कार्रवाई कि मांग की है।क्षेत्र का पवन मजदूरी का काम करता है और अपना घर बसता देख काफी उत्साहित था, लेकिन लुटेरी दुल्हन गैंग ने उसके सपनों को चकनाचूर कर दिया। जानकारी अनुसार चापडा समीप ग्राम इकलेरा निवासी पवन प्रजापत से शादी के नाम पर ठगी की गई है। पवन ने पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई है जिसमें बताया गया है कि राधा बाई से मेरी शादी हुई वह कुछ दिन मेरे पास रही और अपने परिवार के लोगों के साथ अपने घर चली गई, जिसके बाद आज तक वापस नहीं आई है। राधा बाई व्दारा अपने साथियों के साथ मिलकर पवन प्रजापत से अवैध रूपयो की मांग करने व झूठे केस मे फंसा देने की धमकी दी गई है।



#### यह है पूरा मामला...

दोनों पक्ष के परिवार रिश्तेदारो की सहमति एवं राजीमर्जी से 21 जून को ग्राम इकलेरा स्थित शिव मंदिर मे पवन और राधा बाई का विवाह सम्पन्न हुआ था। राधा बाई ने ईश्वर को साक्षी मानकर परिवार एवं रिश्तेदारो के समक्ष पवन को वर माला पहनाते हुए अग्नि के समक्ष सात फेरे लेते हुए हिन्दु रीति रिवाज अनुसार पवन से किया। उक्त विवाह के संबंध मे प्रतिप्रार्थी राधा बाई ने विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विवाह पंजीयन हेतु 21 जून को ही शपथ आयुक्त के समक्ष शपथपत्र संपादित भी किया था। विवाह पश्चात राधा बाई ने पवन के पक्ष मे विवाह सहमति लेख भी सम्पादित किया था जिसमे राधा ने उल्लेखित किया कि वह उक्त पते की निवासी है तथा उसका जन्म तारीख 1 फरवरी 1993 है तथा वह वयस्क होकर स्वयं निर्णय लेने मे समक्ष है व अपना भला बूरा अच्छे से जानती है तथा वह छटी कक्षा तक पढ़ी लिखी होकर लिखना पढ़ना व हस्ताक्षर करना जानती है। उसके माता पिता का कोरोना काल मे कोरोना की बीमारी से निधन हो गया था तब से ही वह अपने चाचा, चाची के साथ ही निवासरत है। तथा उसे एवं उसके रिश्तेदारो ने दहेज स्वरूप कुछ नहीं दिया है और ना ही उसके घर से कोई भी सामान, नगद रूपया या आभूषण लाई। उक्त विवाह के लिए उसे एवं उसके परिवार एवं रिश्तेदारो को डराया धमकाया नही गया है। विवाह के पूर्व राधा बाई व परिवार के लोगों द्वारा पवन से यह कहा गया था कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नही है तथा वह आर्थिक रूप से इतने सक्षम नही है कि वह विवाह का खर्च वहन कर सके इसलिए दुल्हन पक्ष के लोगों ने पवन प्रजापत से दो लाख रूपये लिये। पवन व राधा की विवाह जालना महाराष्ट्र मे घर से ही कर देंगे। लुटेरी गैंग ने विवाह के पूर्व ही विवाह एवं मदद के नाम पर पवन से दो लाख रूपये ऐंठ लिए थे। परन्तु जब विवाह का समय करीब आया तो लुटेरी दुल्हन व साथियों द्वारा विवाह करने से मना करते हुए यह टालमटोली की गई और कहा कि अभी उक्त रूपये खर्च हो गए है और विवाह के लिए पैसे नही बचे है तो घर से विवाह नही कर सकते है। पवन ने कहा की कोई बात नही मेरे गांव इकलेरा के मंदिर मे ही विवाह कर लेंगे। आपको अलग से विवाह का खर्चा वहन करने की आवश्यकता नही है और इस प्रकार पवन का विवाह राधा के साथ ग्राम इकलेरा मे ही हुआ। पवन ने बताया कि राधा का व्यवहार उससे व उसके घर वालो के प्रति ठीक न होकर वह आए दिन घरवालो के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगी तथा मुझसे हर कभी पैसो की मांग करती और पैसो की मांग करते हुए कहती कि तीन लाख रूपये ओर मायके वालो को भेजो वरना किसी अन्य जगह विवाह कर लूंगी। राधा के परिजन भी दबाव बनाने लगे कि तीन लाख रूपये दो वरना हम राधा को वापस अपने साथ जालना ले जाएंगे और कई अन्य जगह विवाह कर देंगे। जब मेरे द्वारा रूपये देने से मना कर दिया गया तो झूठी शिकायत एवं रिपोर्ट करने की धमकी देने लगे। राधा मेरे साथ साथ दो माह जैसे तैसे रही और आए दिन अवैध रूपयो की मांग करती रही और उसके बाद मुझे को यह कह कर छोड़ कर चली गई की वह विवाह के बाद से एक बार भी अपने मायके नहीं गई और कुछ दिन अपने मायके जाना चाहती है। इस पर मेरे द्वारा राजी खुशी जाने की अनुमति दे दी गई और फिर राधा अपने मायके अपनी मासी के घर जालना चली गई राधा को वापस मेरे घर भेजने के लिए कहा तो अन्य सदस्यों ने राधा को मेरे घर भेजने से इनकार कर दिया और बताया कि राधा का विवाह किसी अन्य जगह कर रहे है। पवन ने बताया कि मेरे साथ विवाह के नाम पर दो लाख रूपये ले कर धोखाधड़ी की गई है। ये लोग भोले भाले लड़को से विवाह के नाम पर रूपये ऐंठते है और फिर बाद में एक लड़की का विवाह कई जगह करवाते है और पैसे लेने के बाद झूठे केस में फसाने की धमकी देते हैं।

#### इनके खिलाफ की गई शिकायत

पवन ने राधा पति पवन प्रजापत पुत्री रवीलाल शर्मा कुम्भी पाटील, आयु 32, राजीव गांधी नगर लालबाग, जालना महाराष्ट्र, रतिलाल पातोड़े पिता कालूराम पातोड़े जाति- कुम्भी पाटील, निवासी वार्ड नं. 02 ग्राम मोहम्मदपूरा, तह.बुरहानपूर जिला बुरहानपूर म.प्र, धर्मेन्द्र सिंह पिता नामालूम निवासी- आष्टा जिला सिहोर, गोपाल पिता नामालूम, बुरहानपुर, जिला बुरहानपुर के खिलाफ विस्तृत जानकारी के साथ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद संबंधित पुलिस उक्त मामले की जांच में जुट गई है।

#### मामले की जांच जारी...

उक्त मामले को लेकर शिकायत प्राप्त हुई है, वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में मामले कि जांच की जा रही है।

**सर्जन सिंह मीणा,** थाना प्रभारी कमलापुर

### डॉ. चतुर्वेदी प्रदेश की गंगा समिति में विशेषज्ञ सदस्य नामांकित

**देवास।** अमृत संचय अभियान के प्रणेता,और जाने-माने जल विशेषज्ञ डॉ. सुनील चतुर्वेदी को मप्र शासन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गंगा की सहायक नदियों को सदानीरा और स्वच्छ बनाने के लिए बनाई गई विशेषज्ञ समिति में उन्हें जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए नामांकित किया गया है। प्रदेश में प्रवाहित गंगा की सहायक नदियों में जल का सतत पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने एवं उनमें प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में "राज्य गंगा समिति मध्यप्रदेश में 5 विशेषज्ञ सदस्य नामांकित किये गये है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में सुनील चतुर्वेदी को जल संरक्षण के लिए नामांकित किया गया है। डॉ. चतुर्वेदी पिछले 30 वर्षों से वर्षा जल संरक्षण, प्राकृतिक जल–संरचना निर्माण और भू–जल संवर्धन जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। पहल और मार्गदर्शन से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में जल-संरक्षण के नवीन मॉडल विकसित किए हैं।

## भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति पर सैनिक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनितगुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखननगर जिला नर्मदापुरम द्वारा भारतीय सेना में सेवा देने वाले ब्रजमोहन यादव मानागांव ने 20 वर्ष 8 माह भारत माता एवं देश सेवा कर तोपखाना रेजिमेंट असम से 1 अप्रैल 2025 हवलदार रहते हुए सेवा निवृत्त हुए थे। उनकी सेवा और देशभक्ति का सम्मान के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयक नरेन्द्र देशमुख के मार्गदर्शन में गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारामद्भागवत गीता एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव, सचिव मनोज परसाई, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण यादव,वीरेंद्र यादव (अध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव), सतीश यादव (ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कोटगांव), गेंदालाल यादव (ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष), सुरेश यादव (परामर्शदाता) ,प्रदीप यादव, चंद्रमोहन यादव, रीता नीतिराज सिंह यादव ( संस्था उपाध्यक्ष) , यशोदा यादव, वैशाली चौरे, रक्षा यादव,पायल यादव, पूजा यादव, संतोष यादव, नारायण सिंह यादव उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन शिक्षा देकर आयुष माहेश्वरी ने किया 5 देश में शहर का अपना नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पनगर पालिका परिषद क्षेत्र पिपरिया निवासी आयुष माहेश्वरी घुरकाके द्वारा संचालित पहल ट्यूटर ओलाजी ने बदली आनलाइन शिक्षा दिशा अब लगातार 5देश के छात्र कर रहे हैं भारतीय शिक्षकों से अध्यन कोविड केबाद हर जगह आनलाइन शिक्षा फैली हुई थी। इसी दौरान शहर से निकल कर माहेश्वरी समाज से एक युवा ने आगे आकर जो आयुष पिता अजय घुरका ने इस पद्धति को समझने में आसानी से वर्ष 2022मेंटयूटर ओलाजी नाम से एक आनलाइन शिक्षा देने की शुरुआत करते हुए। युवा वर्ग को जोड़ने का काम किया।जो आज 5देश में संचालित है। जैसे अमेरिका, यूके, यूएई, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर जैसे अन्य को भी भारतीय शिक्षकों से लाइव कोचिंग क्लास वालों से शिक्षा प्राप्त कर जो आज एक से बढ़कर एक आनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। आयुष माहेश्वरी घुरकाके द्वारा किए गए प्रयास से अब बस किसी पहचान के लिए मोहताज नहीं है। परिचय में इंजीनियरिंग एसजीएस आई टी एस इंदौर से की और अचानक कोरोनावायरस की बजह से पढ़ाई पर प्रभाव पड़ता देख आयुष ने आनलाइन शिक्षा देने का कार्य किया फिर आनलाइन शिक्षा वीडियो के माध्यम से देना प्रारंभ किया। जो यूट्यूब पर अपलोड किया गया।

## कलाव्योम फाउंडेशन का कवि सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शुक्रवार को मल्हार स्मृति मंदिर में साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसी भी शहर की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं तथा समाज जागरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लोगों के बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने इंदौर के प्रसिद्ध स्वच्छता गीत हो हल्ला के लेखन के पीछे की प्रेरणाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार गीत और साहित्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के भीतर बसे उस सूक्ष्मतम भाव को स्वर देती है, जो अक्सर शब्दों में ढल नहीं पाता। कवि अपने शब्दों से केवल कविता ही नहीं रचते, बल्कि समय की दिशा और समाज की आत्मा को भी अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्ष अरुणा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवास में अनेक साहित्यिक आयोजन होते रहते हैं, परंतु यह पहला अवसर है जब शहर के प्रमुख प्रबुद्धजन एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहन देगा।

कार्यक्रम का संचालन वीर रस के राष्ट्रीय कवि राकेश दांगी ने अपने दमदार अंदाज में किया। कवयित्री प्रीति पांडेय ने हार कर भी जीत में जीवित रहेंगे, सांस बनकर प्रीत में जीवित रहेंगे पंक्तियाँ सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवि सम्मेलन में पद्मश्री से सम्मानित कालूराम बामनिया, समाजसेवी राधेश्याम सोनी, कई प्रशासनिक अधिकारी, कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल तथा शहर के अनेक साहित्यप्रेमी एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कलाव्योम फाउंडेशन की सचिव अपर्णा भोसले ने किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गंदगी मुक्त समाज का निर्माण विषय पर हुआ शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर गोद ग्राम शुक्करवाड़ा में आयोजित किया गया शिविर के प्रारंभ में विद्यार्थियों का आपस में परिचय हुआ उसके पश्चात गंदगी मुक्त समाज का निर्माण हो इस हेतु व्यापक रूप से सफाई अभियान चलाया गया और स्वच्छ पर्यावरण हो इसका संदेश दिया गया इसके साथ ही साथ ग्राम में हो रही हो रही हो रही शादी में जो डिस्पोजल और भोजन को झूठ के रूप में फेंका जा रहा था उन्हें संदेश दिया गया तथा शादी में झूठन नहीं फेंके इसके लिए प्रेरित किया गया तत्पश्चात शुक्करवाडा ग्राम के फार्म में एकल गीत, समूह गीत ,राष्ट्रीय सेवा योजना गीत आदि का आयोजन किया गया अंत में ग्राम में रैली निकाली गई जिसका मुख्य उद्देश्य हरा-भरा पर्यावरण स्वच्छ वातावरण और गंदगी मुक्त ग्राम बनाना था स्वयं सेवकों का कार्य उत्कृष्ट रहा।आज के इस एक दिवसीय शिविर मैं प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी इकाई 01 डॉ .धर्मेंद्र सिंह चौहान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 डॉ. कविता दुबे ने स्वयं सेवकों को दिशा निर्देश दिए 1 प्रो.शिवानी मालवीय और अशोक मेहरा का सहायक के रूप योगदान सराहनीय रहा। शिविर के लिए संरक्षक प्रो.अजय मेहरा डॉ .राजकुमार पटवा, डॉ.संगीता मिश्रा, डॉ. क्षमा मेहरा , डॉ.आकांक्षा यादव तथा समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## पुलिस प्रशासन दे रहा विद्यालय में जानकारी, किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्रामपंचायत बीजनवाडा में सर्वोदय विद्यापीठ हायरसेकंडरी स्कूल में स्टेशन रोड पुलिसथाने केएस आई अमित भारद्वाज ने मिशन मुस्कान के अंतर्गत जानकारी दी गई। पुलिसने बताया यदिकोईअपरिचित आदमी किसी तरह का लालच देकर कहीं चलने का कहे या बार बार फोन करके परेशान करे तो उसकी सूचना आपको माता पिता को देना होगा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका तथा पुलिस को सूचना देनाचाहिए जागरूक बने और अच्छे नागरिक होने का परिचय दें। चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत कर सकते हैं। रेखा मुनिया ने भी गुड टच बेड टी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्थाके संचालक आनंद प्रकाश शर्मा ने भी बच्चों को संबोधित किया।इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं प्राचार्य एवं अन्य स्टाफ शामिल हुए।

### हादसे के बीच मानवता की मिसाल, सीपीआर देकर हॉस्पिटल पहुंचाया

# दो भाइयों ने दिखाई बहादुरी, दो की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विकास नगर ब्रिज पर शुक्रवार देर रात हुए भीषण सडक़ हादसे में जहाँ अधिकांश लोग घटनास्थल से दूरी बनाए हुए थे, वहीं देवास के दो भाइयों अनुज प्रजापति और रोहित प्रजापति ने अद्वितीय साहस और मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद के लिए आगे कदम बढ़ाए। विकास नगर ब्रिज पर दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर पड़े थे। उसी दौरान वहाँ से गुजर रहे अनुज और रोहित प्रजापति ने स्थिति को समझते हुए तुरंत सहायता का जिम्मा संभाला। दोनों ने एक ऑटो की मदद लेकर घायलों को जिला चिकित्सालय पहुँचाने का निर्णय लिया।चलते ऑटो में रुकी साँसें, अनुज ने दिया 'जीवनदान' अस्पताल की ओर ले जाते समय एक घायल की साँसें अचानक थमने लगीं।

यह देखकर अनुज प्रजापति ने बिना समय गँवाए तुरंत सीपीआर देना शुरू कर दिया। उनकी तत्परता और सही तरीके से दिए गए सीपीआर के कारण घायल युवक की साँसें फिर से चल पड़ीं और उसकी जान बच गई।

#### रोहित ने संभाला ट्रैफिक, बनाया रास्ता

इस बीच हादसे के कारण ब्रिज पर लंबा जाम लग गया था, जिससे घायलों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में रोहित प्रजापति ने मौके पर ट्रैफिक संभाला, लोगों को शांत किया और रास्ता सुचारू करवाया, जिससे घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सका। मानवता की नई मिसाल बने अनुज और रोहित दोनों भाइयों की यह तत्परता और साहसिक कदम मानवता की अनूठी मिसाल साबित हुए। जहां अनुज ने अपनी ट्रेनिंग व हिम्मत से घायल को नई जिंदगी दी, वहीं रोहित ने अपनी सूझबूझ से समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करवाई। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, एक की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि दूसरा अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है।



## सासंद सोलंकी के नेतृत्व में देवास में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में देवास में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।

यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, विद्यार्थी, खिलाड़ी, स्वयसेवी संगठनों, समाजसेवियों ने भाग लिया। सरदार पटेल जी की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन देवास में इनडोर स्टेडियम भोपाल चौराहा से सयाजी द्वार पर हुआ। यात्रा में घोड़े, बग्गी, बैंड, डीजे वाहन ढोल की थाप पर थिरकते हुए हाथों में तिरंगा लिए हुए जनप्रतिनिधि, नागरिकगण, छात्रा छात्राएं, खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में सरदार पटेल जी के जीवन से जुड़ी विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति प्रस्तुतियां हुई।

इसमें विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन, राजेश यादव, मनीष जैन, महेश चौहान, जयेश पडियार, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, तारा परगी, जावेद पठान, हेमंत देवड़ा, देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, मधु शर्मा, अतुल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में छात्र, खिलाड़ी, समाज सेवियों की सहभागीता रही। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च के दौरान नशा मुक्ति, राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी ली गई।

### डीआरएम ने जांच करने के लिए बनाई संयुक्त कमेटी

# जांच के बाद ही होगा खुलासा टावर वैगन यान के पहिये पटरी से क्यों उतर गए थे



**हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा**

रविवार सुबह रेलवे की टावर वैगन यान के डिरेल की घटना की हकीकत जांच के बाद ही पता चल पाएगा। मेन लाइन पर हुई घटना के कारण सम्पूर्ण रेल विभाग घटना को लेकर चिंतित हो गया। जिला मुख्यालय पर हुई घटना के कारन आसपास के रेलवे से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था को सुधारने की कोशिश करने लगे। स्थानीय स्तर पर जुगाड़ करते हुए जेसीबी और क्रेन मशीन की मदद से जब कोशिश असफल हुई तब इटारसी से एटीआर और एमडीएफ बुलाया गया। मौके पर एडीआरएम योगेंद्र बघेल और ब्रांच आफिसर बी गौतम भी पहुंचे। रविवार सुबह करीब पुणे 8 बजे हुई घटना के बाद से मुंबई से दिल्ली और जबलपुर तरफ जाने वाली सभी ट्रेनों को हरदा से पहले रोक दिया गया। करीब 6 घंटे के बाद 2 बजे के बाद से यातायात सुचारु रूप से प्रारंभ हुआ। अमले ने घटना स्थल पर ब्लाक लगाकर सीएनडब्ल्यू इटारसी की टीम वैगन को हटाने पहुंची। जेसीबी ओर फराना मशीन से काफी कोशिश के बाद भी वैगन नहीं उठा। इसके बाद इटारसी से हाइड्रोलिक मशीन बुलाई गईं जिससे वैगन को उठाया और पटरी पर चढ़ाया। ट्रेक चालू होने के बाद सबसे पहले बलसाड़ से कानपुर की तरफ जाने वाली 19051 श्रमिक एक्सप्रेस को निकाला गया। ऐसा बताया गया कि मुंबई से इटारसी और दिल्ली की ओर जाने वाली 35 से अधिक ट्रेनें हरदा से पहले ही अलग-अलग स्टेशनों पर रोक दी गईं। ऐसा बताया कि उन पांच घंटे में कई सुपरफास्ट ट्रेनें भी खड़ी रहीं। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। बताया जा रहा है कि इस रूट से हर 10 से 15 मिनट में एक ट्रेन गुजरती है, इसलिए ट्रेनों के रुकने से बड़ी संख्या में यात्री प्रभावित हुए हैं।

**यह रूट मुंबई और दिल्ली को जोड़ता है**

मालूम हो कि यह रूट मुंबई और दिल्ली को जोड़ता है। हरदा में 2 ही लाइन हैं। टावर वैगन पटरी पर उतरने से डाउन ट्रैक बंद हुआ। जिस कारण 35 से अधिक ट्रेनें लेट हो गईं। डाउन ट्रैक पर टावर वैगन पटरी से उतरने से रेल यातायात प्रभावित हो गया। घटना के बाद मुंबई हावड़ा मेल, जनता एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस सहित इटारसी की ओर जाने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। घटना स्थल पर पहुंचे एडीआरएम योगेंद्र बघेल ने बताया कि ओएचई निरीक्षण यान के पटरी से उतरने को लेकर जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जिसमें जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जिला पंचायत सीईओ पहुंची

# सीईओ ने किया एसआईआर मनरेगा कार्यों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को जनपद पंचायत टिमरनी के करताना कलस्टर की ग्राम पंचायत करताना, तजपुरा और छिपानेर में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नर्मदा आश्रय स्थल के फेंसिंग कार्य एवं पौधरोपण के कार्य, एक बगिया माँ के नाम, वृक्षारोपण, जल गंगा अभियान के कार्य, खेत तालाब, कूप रिचार्ज कार्यों का निरिक्षण कर, निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लेबर नियोजन एवम एसआईआर के कार्य की समीक्षा कर सम्बंधित पंचायतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत तजपुरा व छीपानेर में एसआईआर की प्रगति असंतोषजनक होने पर 3 दिवस में प्रगति दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण में ग्राम पंचायत करताना के पंचायत भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्य पर गैप फीलिंग करवाने व आवास हितग्राही द्वारा बहुत समय से कार्य बंद होने से आवास का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर, पूर्ण करने हेतु हितग्राही बद्रीप्रसाद को समझाइश दी गई। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जोसेफ ने नर्मदा परिक्रमा पथ ग्राम पंचायत छिपानेर में आश्रय स्थल में पौधरोपण शीघ्र करवाने हेतु तकनीकी अमले को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी मनीष सिंह, सहायक यंत्री प्रवीण वर्मा, विष्णु पंवार उपयंत्री, विश्वकर्मा, ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न अमले के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

### दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

# जयस अध्यक्ष के साथ मारपीट के विरोध में बंद रहा झिरन्या, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭झिरन्या**

यहां जयस ब्लाक अध्यक्ष मगन जाधव और उसके साथी जगदीश किराड़े के साथ मारपीट के विरोध में रविवार को कस्बा बंद रहा। इस दौरान संत सेवालाल तिराहे पर कार्यकर्ताओं ने सभा का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने विरोध किया और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। सभा को जयस संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इनमें राजेंद्रसिंह पवार, सुनील किराडे,हितेश मजाल्दे,जिन्दर्सिंह बडोले,नानूराम भूरिया, शांतिलाल बड़ोले, राजू ओहरे, सावन ब्राह्मणे, बाला निंगवाल, रमेश पटेल, साईंसिंह सिसौदिया आदि प्रमुख हैं। उन्होंने नायब तहसीलदार राजेश बरडे एवं थाना प्रभारी सेमलिया गेहलोद के समक्ष अपनी 6 रखी और नहीं मानने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। सीमावर्ती क्षेत्रों से इस अंचल बड़े पैमाने पर रात के अँधेरे में शराब-तस्करी पर भी चिंता प्रकट की गई। पिछले दिनों चित्तौड़गढ़-भुसावल मार्ग पर पुलिस चौकी हेलापडावा ने एम्बुलेंस में 52 पेटी शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस दौरान थाना पभारी सेमलिया ने विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने



बताया कि चार आरोपियों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके बाद ग्रामीणजन करीब 5:30 बजे थाना परिसर पहुंचे। जयस के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन थाने पर ही मौजूद थे और वहां चर्चाओं का दौर देर शाम तक जारी था। कस्बा बंद के दौरान दिनभर कस्बे में शांति बनी रही और कहीं कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मारपीट की घटना के बाद यहां दो स्थानों पर स्थित शासकीय शराब दुकानों पर अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की थी, जिसमें लाखों रुपए की शराब नष्ट होने का अनुमान है।

### कई मुद्दों पर जागरुक किया गया

# स्वास्थ्य व पोषण पर सीआरपी दीदियों का प्रशिक्षण दिया

**हरदा।** मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर जागरूक करने के लिए ,समूह की सीआरपी दीदी को तीन दिवसीय प्रशिक्षण सीटीसी बागरूल में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में गर्भावस्था की देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल, शौचालय का उपयोग, आंगनवाड़ी की सेवाएं तथा पीडीएस की सेवाएं के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के




बाद प्रत्येक सीआरपी अपने कार्य क्षेत्र के 5 ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूकता प्रदान करेंगी, पोषण दिवस कार्यक्रम में हितग्राहियों को सहयोग प्रदान करेंगी। जिला परियोजना प्रबंधक एवं जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट उपस्थित थे।

### एसआईआर से संबंधित राजनैतिक दलों की जिज्ञासाओं का किया गया समाधान

# एक सदस्य के कारण अन्य के नाम न छोड़े जाएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में संचालित मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिय के तहत राजनैतिक दलों की जिज्ञासाओं के समाधान के लिए रविवार को जिले के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार ने एसआईआर से संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया एवं जिले में अभी तक अभियान के तहत हुई प्रगति की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिन परिवारों की मैपिंग हो गई है, उनके फॉर्म तत्काल जमा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक दलों के द्वारा नियुक्त बीएलए एसआईआर के काम में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। यदि परिवार के एक सदस्य का नाम किसी कारण से छूट रहा है तो बाकी अन्य सदस्यों के नाम की मैपिंग की जाए। वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम इलेक्शन कमीशन की




वेबसाइट पर तलाशा जा सकता है। बैठक में बताया गया कि जिले में एसआईआर का काम पूरी शुद्धता के साथ करवाने के प्रयास किया जा रहे हैं। जिन मतदाताओं के नाम नहीं मिल रहे हैं, उनके लिए 9 दिसंबर के पश्चात दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का मौका भी दिया जाएगा। पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि मतदाता सूची में दो स्थानों पर नाम दर्ज नहीं हो सकेंगे। मतदाता चाहे तो अपनी दूसरी फोटो बदलवा सकता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि संबंधित क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर भी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। बूथ लेवल अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे यह कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपेक्षा है कि वे समन्वय के एसआईआर का कार्य समय पर पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से राजेश वर्मा, देवी सिंह सांखला एवं राजेश गोदारा, कांग्रेस से संजय जैन तथा बहुजन समाज पार्टी से प्रेमलाल गन्नोरे मौजूद थे।

## जिले में 54.87 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण

इस अभियान के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार ने बताया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत जिले में शनिवार की शाम तक डिजिटाईजेशन का कार्य 54.87 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी क्षेत्र अंतर्गत कुल 60.19 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी अंतर्गत टिमरनी तहसील में 66.07 प्रतिशत, रहटगांव तहसील में 59.52 प्रतिशत व सिराली में 55.34 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा अंतर्गत 50.61 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा अंतर्गत हंडिया तहसील में 52.30 प्रतिशत, हरदा तहसील में 47.60 प्रतिशत व खिरकिया में 54.72 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। रात्रि में इस कार्य में और अधिक प्रगति आने की संभावना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार ने निर्देशित किया है कि जिन परिवारों में नवविवाहिताओं अथवा अन्य सदस्यों की जानकारी एसआईआर 2003 में ढूंढने में परेशानियां आ रही है। उन परिवारों के दूसरे सदस्यों के आवेदनों का डिजिटलाइजेशन कार्य पहले पूर्ण कर लिया जाए।

## लापरवाही पर पटवारी को कारण बताओ नोटिस

निवाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के दौरान किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने पर टिमरनी के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी संजीव कुमार नागू ने पटवारी श्याम पवार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। सूचना पत्र में उल्लेख किया गया कि कार्यालयीन आदेश के तहत मतदान केंद्रों के डिजिटलीकरण कार्य की प्रगति अत्यन्त कम पाई गई। मतदान केंद्र क्रमांक 167 दीपगांव एवं 168 जुनापानी में डिजिटलीकरण का कार्य बेहद धीमा चल रहा था, जिसकी प्रगति मात्र 11 प्रतिशत और 22 प्रतिशत ही दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वारा दौरा किए जाने पर भी संबंधित पटवारी उपस्थित नहीं पाए गए, जिससे कार्य की प्रगति प्रभावित हुई। इसके साथ ही 06 नवंबर 2025 को रकफ के संबंध में दी गई प्रशिक्षण जानकारी के बावजूद कार्य के महत्व को गंभीरता से न लेना भी नोटिस का आधार बना। अधिकारी ने पत्र में स्पष्ट किया कि बिना किसी उचित कारण के निर्वाचन से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही करना निर्वाचन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। पटवारी को नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर बिना किसी विलंब कारण स्पष्ट करते हुए जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

### पिता की स्मृति में जिला चिकित्सालय को भेंट किया स्वचालित एल फ्री पलंग

# हमारा अपना अस्पताल सभी को देना चाहिए योगदान: पंकज शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर**

पिछले दिनों जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा और नीरज शर्मा के पिता का लंबी और गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया था। जिसके बाद उनकी माताजी की प्रेरणा से पंकज शर्मा और नीरज शर्मा ने शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा से मुलाकात कर उनको यहां के आईसीयू वार्ड के मरीजों के लिए एक नया अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त पूर्ण स्वचालित एल फ्री पलंग दान किया। साथ ही यहां भर्ती बुजुर्ग मरीजों के लिए डायपर्स के पैकेट भी भेंट किए।



इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि उनके पिता का काफी लंबे समय तक सरकारी अस्पताल में डायलिसिस हुआ, जिससे उनके मन में इस अस्पताल के लिए करने की कुछ भावना थी, क्योंकि ये हमारा अपना अस्पताल है और हम सब यहां मुफ्त में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेते हैं, इसलिए हमारा ये नैतिक दायित्व है कि हम इसके लिए अपना कुछ योगदान देते रहें। इसी भावना के साथ उन्होंने जिला चिकित्सालय को अपनी ओर से ये छोटी सी भेंट प्रदान की है।

पंकज शर्मा ने कहा कि वैसे तो सरकार हर वर्ष जनता की सुविधा और अच्छे इलाज के लिए इस अस्पताल के लिए करोड़ों रुपए का बजट जारी करती है, लेकिन फिर भी आम जनता की ये नैतिक जिम्मेदारी है कि वो भी अपनी ओर से यहां कुछ ना कुछ भेंट करते रहें, उन्होंने सभी सीहोर जिलेवासियों से अपनी सुविधानुसार यहां कुछ ना कुछ भेंट करते रहने का आग्रह भी किया है। अंत में पंकज शर्मा ने उनकी इस छोटी सी भेंट को स्वीकार करने के लिए प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा को आभार और धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दरोठिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह भारती सहित अस्पताल का स्टाफ, शर्मा परिवार के सदस्य और नागरिकगण उपस्थित रहे।

### मांस तथा सींग ले जाते हुए पकड़ा था

# काले हिरण के शिकार करने के मामले में 3 को भेजा जेल



**हरिभूमि न्यूज ⏭रहटगांव**

विगत दिवस टेमागांव तथा रहटगांव रेंज के रात्रि गस्ती दल द्वारा रहटगांव के अजनाल नदी के पुल पर रात्रि में एक व्यक्ति को मोटर साइकिल से काले हिरण का मांस तथा सींग ले जाते हुए पकड़ा गया। मामला को गंभीरता से लेते हुए हरदा डीएफओ अनिल चौपड़ा, एसडीओ उत्तर हरदा एवं रहटगांव रेंजर को मामले की सूक्ष्मता से जांच पड़ताल कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसडीओ कलीराम ऊईके तथा रेंजर प्रेमलाल धुर्वे द्वारा आरोपी रामचंद्र निवासी महागांव से कड़ी पूछताछ की। इस दौरान आरोपी द्वारा मामले में अन्य व्यक्ति लिप्त होने की बात बताया गया।

जांच को आगे बढ़ाते हुए ग्राम नजरपुरा में राजेश मालवीय के खेत के टप्पर से आरोपी के निशानदेही पर रामकृष्ण निवासी महागांव को काले हिरण के अवशेष तथा शिकार में उपयोग की गई हथियार बरामद किया गया। एक अन्य व्यक्ति मोटू मनीराम के पास से काला हिरण के सींग बरामद किया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर हरदा न्यायालय में पेश किया गया वहां से जेल भेज दिया गया।